-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 12.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस लाइन में शोक सभा में मृत पुलिसकर्मी को अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि। बांदा पुलिस परिवार द्वारा मृत पुलिसकर्मी को रीत चढ़ाकर दी गई श्रद्धांजलि, मृतक के परिजनों को ढ़ांढस बंधा हर सम्भव मदद् का दिया आश्वाशन।**

विवरण- आज दिनांक 12.05.2025 को पुलिस लाइन में शोक सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। गौरतलब हो कि जनपद में थाना अतर्रा में तैनात आरक्षी रमाकान्त यादव ग्राम फोटवा थाना महुआडीह जनपद देवरिया के रहने वाले थे तथा वर्ष 1990 में आरक्षी के पद पर जनपद सिद्धार्थनगर से उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे। रमाकान्त यादव दिनांक वर्ष 2020 में जनपद बांदा में नियुक्त हुए थे। आज दिनांक 12.05.2025 को अचानक तबियत खराब होने पर उन्हे थाना अतर्रा के सहकर्मियों द्वारा उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी दुःखद मृत्यु हो गई। पुलिस लाइन में आज पुलिस परिवार के साथियों द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिसकर्मी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढ़ांढ़स बंधाते हुए सात्वना दी गई। मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया तथा आश्वस्त किया कि दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है। सभी उपस्थित पुलिसकर्मियों और अधिकारियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।